B.A II, Sociology Paper IV

Social Research

Definitions:- सामाजिक अनुसन्धान की चर्चा करने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि अनुसन्धान किसे कहते हैं।

अनुसन्धान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके सैद्धान्तिक अथवा व्यवहारिक समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाता है। अनुसन्धान में नये तथ्य, सिद्धान्त, विधि या वस्तु की खोज की जाती है तथा प्राचीन तथ्य में परिवर्तन किया जाता है। यह एक वस्तुनिष्ठ, तथा सुव्यवस्थित प्रक्रिया है।

मनुष्य आरम्भ से ही एक जिज्ञासु प्राणी रहा है। अपने चारों ओर के संसार के बारे में वह आरम्भ से अपनी इन्द्रियों के आधार पर ज्ञान प्राप्त करता रहा है। परन्तु इसमें वस्तुनिष्ठता तथा प्रमाणिकता का अभाव था। आज मनुष्य ने व्यवस्थित ढंग से ज्ञान का संचरण प्रारम्भ कर दिया है यह अनुसन्धान का प्रारम्भ है। समाजिक समस्याओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने मनुष्य जब व्यवस्थित और क्रमबद्ध रूप से किसी समस्या का अध्ययन करता है तो इसे सामाजिक अनुसन्धान कहा जाता है। विद्वानों ने इसे इस प्रकार परिभाषित किया है।

C.A. Moser के अनुसार "सामाजिक प्रघटनाओं एवं समस्याओं के सम्बन्ध में नवीन ज्ञान प्राप्त करने के लिये की गयी व्यवस्थित खोज बीन या खोज को ही सामाजिक अनुसन्धान कहा जाता है"।

Bogardus के अनुसार "एक साथ रहने वाले लोगों के जीवन में क्रियाशील अन्तर्निहित प्रक्रियाओं की खोज करना ही सामाजिक अनुसन्धान है"।

Scanned by CamScanner

P.V. Young के अनुसार "सामाजिक अनुसन्धान की ऐसे वैज्ञानिक प्रयत्न के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसका उद्देश्य तार्किक और क्रमबद्ध पद्धतियों के द्वारा नये तथ्यों का अन्वेषण तथा पुराने तथ्यों की पहिचान एवं सत्यापन, उसके क्रमों, पारस्परिक सम्बन्धों, कार्य कारण की व्याख्या तथा उन्हें संचालित करने वाले स्वाभाविक नियमों का विश्लेषण करना है"।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सामाजिक अनुसन्धान का उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग द्वारा सामाजिक घटनाओं का सूक्ष्म रूप से अध्ययन करना है। सामाजिक अनुसन्धान में वैज्ञानिक उपकरणों को भी उपयोग में लाया जाता है। इसके आधार पर नवीन ज्ञान का सृजन किया जाता है। सामाजिक अनुसन्धान विभिन्न सामाजिक घटनाओं में निहित कार्य-कारण के सम्बन्ध को ज्ञात करता भी है। नये तथ्यों की खोज तथा पुराने तथ्यों का पुनर्परीक्षण किया जाता है और इसी के आधार पर प्राप्त निष्कर्षों के माध्यम से सिद्धान्त प्रस्तुत करने का भी कार्य किया जाता है।

Scanned by CamScanner